NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-306, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 16 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## पेट्रोल-डीजल महंगा होने से भड़के गिग वर्कर्स

### फूड डिलीवरी ठप करने की चेतावनी, पैसा बढ़ाने की मांग तेज

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर अब गिग और ऐप आधारित वर्कर्स में असंतोष तेज हो गया है।

गिग और प्लेटफॉर्म सेवा श्रमिक संघ (जीआईपीएसडब्ल्यूयू) ने सरकार और डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनियों के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। यूनियन ने मांग उठाई है कि डिलीवरी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े ऐप वर्कर्स को न्यूनतम 20 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जाए। इसके अलावा आज दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक देशभर में ऐप सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद रखने की अपील की गई है। संघ का कहना है कि 15 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में करीब 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि ने लाखों गिग वर्कर्स की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। यूनियन के मुताबिक करीब चार वर्षों बाद ईंधन की कीमतों में यह पहली बड़ी राष्ट्रीय स्तर की बढ़ोतरी है।

जीआईपीएसडब्ल्यूयू के अनुसार देशभर में लगभग 1.2 करोड़ गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स इस फैसले से प्रभावित होंगे। इनमें फूड डिलीवरी, कैब सेवा, लॉजिस्टिक्स और अन्य ऐप आधारित सेवाओं से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं।

यूनियन ने ईंधन कीमतों में उछाल के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी तनाव को जिम्मेदार ठहराया है। संगठन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के साथ पहले से बढ़ी एलपीजी कीमतों ने भी कामगारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है।

## रॉबर्ट वाड्रा को मिली जमानत, बोले- मैं निडर हूं, छिपाने को कुछ नहीं



**नई दिल्ली।** शिकोहपुर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को जमानत मिलने के बाद कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वे निडर हैं और कुछ छिपाना नहीं चाहते हैं, बस ईडी को झेलना है। उन्होंने कहा कि झेलने की क्षमता है, वह सबसे बड़ी चीज है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, मुझे इस देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। मुझे पता है कि ईडी को सरकार चला रही है और ईडी सरकार के इशारों पर ही काम करती रहेगी। मुझे देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। मैं हमेशा यहीं रहूंगा और सभी सवालों के जवाब दूंगा। मैं निडर हूं और मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। शनिवार को रॉबर्ट वाड्रा शिकोहपुर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए, जहां उन्हें कोर्ट से 50,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी गई। राउज एवेन्यू कोर्ट में वाड्रा के वकील ने अपनी दलील में कहा कि इस मामले में उन्हें पहले कभी गिरफ्तार नहीं किया गया था, इसलिए उन्हें जमानत दी जानी चाहिए। अदालत ने उनकी दलील सुनने के बाद जमानत मंजूर कर ली। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।


## बंगाल के आसनसोल में पुलिस चौकी में तोड़फोड़-पथराव : पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में



लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद शुक्रवार रात को तनाव फैल गया। रेलपार इलाके में भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े।

पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी। शाम को बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ ने चौकी पर पथराव किया। पुलिस और आम लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है।



# मानसून जल्दी आएगा, लेकिन सुपर-अलनीनो से सूखा पड़ने की आशंका

## यूपी, एमपी, राजस्थान में भीषण गर्मी, भोपाल में सड़क का डामर पिघला



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक मानसून तय समय से 4 दिन पहले 26 मई को केरलम पहुंच सकता है। हालांकि अमेरिकी मौसम एजेंसी नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (नोआ) के अनुसार इस साल सुपर अल नीनो का आना लगभग तय हो गया है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका ज्यादा हो गई है।

अल नीनो एक जलवायु घटना है, जो प्रशांत महासागर में पानी गर्म होने पर होती है। इससे मानसूनी हवाएं दिशा बदल देती हैं। इसके असर से भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होगी और भीषण गर्मी पड़ेगी। भारत में सामान्य रूप से मानसून की एंट्री 1 जून को केरलम से होती है। इस बार यह अन्य प्रदेशों में भी जल्द पहुंचेगा। राजस्थान में इसके 20 जून, मध्य प्रदेश में 12 जून, उत्तर प्रदेश में 18 जून और बिहार में 8-10 जून के बीच पहुंचने की संभावना है।

गर्मी की बात करें तो राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड और विदर्भ में आज हीटवेव का अलर्ट है। इन राज्यों के कई जिलों में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस-47 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश-विदर्भ में आज रात में भी लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

**अगले दो दिन के मौसम का हाल**

17 मईः झारखंड में बारिश का ऑरेंज अलर्ट। बिहार के 19 जिलों में, हरियाणा के 8 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट।

राजस्थान और पंजाब में अगले एक सप्ताह तक हीटवेव का अलर्ट।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ ओले गिर सकते है।

18 मईः बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है।

राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी।

असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है।

# 'डार्लिंग तुम्हारे लिए पेपर आउट किया, आकर मिलो'

## लखनऊ यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर गिरफ्तार




**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर परमजीत सिंह (50) को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि प्रोफेसर ने बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा को फोन किया और छुट्टी से वापस आने का दबाव बनाया। कहा, डार्लिंग, तुम्हारे लिए पेपर आउट करा दिया है। एग्जाम से पहले घर से आ जाओ। यहां पेपर तुम्हें दे देते हैं।

फोन कटने पर छात्रा कहती है- ये मुझे बुला रहे हैं। मुझे पेपर नहीं चाहिए। मुझे फिर से मोलेस्ट (उत्पीड़न) करना चाहते हैं। आरोपी ने 14 और 15 मई की रात छात्रा को फोन किया। छात्रा ने बातचीत रिकॉर्ड कर ली और वायरल कर दी।

शुक्रवार को ऑडियो सामने आने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ जांच बैठाई। रात में पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने देर रात एफआईआर दर्ज कर आरोपी प्रोफेसर को यूनिवर्सिटी कैंपस से पकड़ लिया। 4 साल से जूलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर परमजीत बिजनौर के रहने वाले हैं। वह पत्नी और दो बेटियों के साथ लखनऊ में रहते हैं।

# इजरायल-लेबनान के बीच बढ़ा सीजफायर, 45 दिनों तक नहीं होगा कोई हमला

**येरूशलम।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच एक अच्छी खबर भी सामने आई है। यहां इजरायल और लेबनान के बीच सीजफायर को और बढ़ा दिया गया है। इसे लेकर अमेरिका के वाशिंगटन में बातचीत हुई थी। इस वार्ता में इजराइल और लेबनान ने अपने सीजफायर को 45 दिनों के लिए बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने सीजफायर की तारीख बढ़ाए जाने की जानकारी दी। दरअसल, यह सीजफायर रविवार को समाप्त होना था, ऐसे में एक बार फिर सीजफायर को 45 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि यह दो दिनों की सार्थक बातचीत के बाद हुआ है। इसके अलावा अब 2-3 जून को भी बातचीत होगी। बता दें कि इजरायल और लेबनान के हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के बीच की अस्थिर शांति संधि रविवार को समाप्त होने वाली थी। ऐसे में इस सीजफायर को एक बार और बढ़ा दिया गया है।

# जापान में भूकंप के तेज झटकों से कांपी धरती

**टोक्यो।** जापान में जोरदार भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 6.7 मापी गई। मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, इसका केंद्र नॉर्थ जापान के समुद्री क्षेत्र में 50 किलोमीटर की गहराई में था। जानकारी के मुताबिक भूकंप के झटके कई शहरों में महसूस किए गए। भूकंप का झटका लगते ही लोग घर से निकलकर भागने लगे, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भूकंप की वजह से कई जगहों पर कुछ समय के लिए ट्रेन सेवाओं को भी रोक दिया गया ताकि किसी तरह की दुर्घटना ना हो। फिलहाल सुनामी का अलर्ट जारी नहीं किया गया है और जानमाल की किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के खिलाफ एफआईआर

## चुनाव प्रचार में भड़काऊ भाषण दिए, शाह पर था धमकी भरा बयान



**कोलकाता।** ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ धमकी भरा बयान देने का आरोप है। केस उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

सामाजिक कार्यकर्ता राजीब सरकार ने 5 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद यह शिकायत बागुईआटी पुलिस स्टेशन में दी गई थी। इसमें 27 अप्रैल से 3 मई के बीच अभिषेक के कई चुनावी भाषणों का जिक्र किया गया है। इनके वीडियो लिंक भी पुलिस को सौंपे गए हैं। पुलिस ने 15 मई को दोपहर 2:45 बजे बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की।

# होर्मुज पार कर भारत आ रहे दो जहाज, आज पहुंचेगा 'सिमी'



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और इसके चलते देश में पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के बढ़े हुए दाम के बीच एक राहत भरी खबर सामने आ रही है। पिछले 24 घंटे में होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित तरीके से पार कर दो जहाज भारत आ रहे हैं। इन दो बड़े जहाजों में कुल 66,392 मीट्रिक टन रसोई गैस भरी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक छद्म कैरियर 'सिमी' बुधवार को होर्मुज से होकर गुजरा। इस जहाज में 21 क्रू मेंबर्स हैं। इस शिप के आज गुजरात में कांडला के दीनदयाल बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। यह जहाज कतर के रास लफान टर्मिनल से गैस लेकर निकला है। वहीं दूसरी शिप एनवी सनशाइन ने गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे होर्मुज स्ट्रेट को पार किया है। ये शिप भी 18 मई तक न्यू मंगलुरु पोर्ट पहुंच सकती है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि 'सिमी' नामक एलपीजी टैंकर 13 मई को होर्मुज स्ट्रेट पार कर गया, जबकि एनवी सनशान ने भी 14 मई को सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार किया। वहीं एलपीजी टैंकर की आवाजाही ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में तनाव बरकरार है। बता दें कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग की वजह से वजह से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। हालांकि अब तक कुल 13 भारतीय जहाज इस मार्ग से निकल चुके हैं।

# यह सरासर झूठ है, विदेश यात्रा पर नहीं लगेगा टैक्सः प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में संकट के कारण तेल की कीमतों में उछाल के मद्देनजर सरकार विदेशी यात्रा पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जिसमें पीएम ने बताया, यह सरासर झूठ है। इसमें जरा भी सच्चाई नहीं है। विदेशी यात्रा पर इस तरह के प्रतिबंध लगाने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हम अपने लोगों के लिए व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रिपोर्ट में विदेश यात्रा पर टैक्स, सेस या सरचार्ज लगाए जाने को लेकर बड़ा दावा दिया गया था। इस रिपोर्ट में बताया गया कि सरकार विदेश यात्रा पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने पर विचार कर रही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इन खबरों को रिट्वीट कर इसे पूरी तरह गलत बता दिया। पीएम मोदी की तरफ से यह साफ कर दिया गया कि विदेश यात्रा को हतोत्साहित करने या उस पर अतिरिक्त बोझ डालने की कोई योजना नहीं है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNi
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


# तीनों लोक बसाए बस्ती में..

## सुनाकर कैलाश खेर ने किया नृत्य, खूब हंसे संत प्रेमानंद, दिया नामजप का संदेश



एनएनआई

**वृंदावन।** पार्श्वगायक कैलाश खेर अपनी धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचे। उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन कर संत प्रेमानंद का आशीर्वाद लिया। कैलाश खेर ने संत प्रेमानंद के सामने भगवान भोलेनाथ का गीत प्रस्तुत किया।

खास तौर पर मीराबाई के जीवन पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी। कैलाश खेर के गीत से प्रसन्न संत प्रेमानंद ने उन्हें नामजप का संदेश भी दिया। भोलेनाथ का गीत प्रस्तुत किया, मीराबाई के जीवन पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराधा केलिकुंज में शुक्रवार की सुबह सात बजे पार्श्वगायक कैलाश खेर संत प्रेमानंद के दर्शन के लिए पहुंचे। कैलाश खेर ने संत प्रेमानंद को दंडवत किया तो संत प्रेमानंद के अनुयायियों ने उन्हें श्रीराधाजी की चुनरी व प्रसाद भेंट किया।

**संत ने दिया गायक को नामजप का संदेश**

कैलाश खेर ने अपने चिर परिचित भजन हाथ जोड़कर बोली गवरजा, तीनों लोक बसाए बस्ती में... सुनाते हुए नृत्य करना शुरू कर दिया। तो संत प्रेमानंद अपनी हंसी रोक नहीं सके। कैलाश खेर ने इसके बाद संत मीराबाई के जीवन पर आधारित भजन पांच बरस की मीरा लाड़ली हो... सखियों में खेलन जाए री सुन राणा बाई खेलें तो पाय मीरा कांगड़ां, हो जी.., काले काले नाग पिटारे राणा मूंदता, ओ दिए मीराजी के हाथ... सुनाकर मुग्ध कर दिया।

# लू की चपेट में ताजनगरी

## 47 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंचने का अनुमान

एनएनआई

**आगरा।** दिन के साथ अब रातें भी तपने लगी हैं। शुक्रवार को आगरा में सीजन की सबसे गर्म रात रही। इससे लोगों का हाल बेहाल हो गया। मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शहर का न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस साल में अब तक का सर्वाधिक है। इससे पहले 29 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री दर्ज किया गया था। हालांकि, उसके बाद बूंदाबांदी और तेज हवाओं ने तापमान को खुशनुमा बना दिया था।

दिन के रात के पारे में हुई बढ़ोतरी ने लोगों की नींद छीन ली है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सूरज ढलने के बाद भी गर्म हवा और वातावरण में मौजूद तपिश के कारण लोगों को रात में भी चैन नहीं मिला। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए चिंता जताई है। विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक आगरा और आसपास के क्षेत्रों में तेज लू चलने की प्रबल संभावना है। दिन के समय गर्म पछुआ हवाएं चलने से पारा और ऊपर जा सकता है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और दोपहर के समय बाहर न निकलने की अपील की है। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में खतरनाक गर्मी पड़ने वाली है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।



## हाथरस में अज्ञात वाहन ने वेटनरी डॉक्टर को रौंदा

**हाथरस** एनएनआई। सिकंद्राराऊ क्षेत्र में शुक्रवार रात जीटी रोड उस वक्त दहल उठा, जब तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वेटनरी डॉक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि डॉक्टर की बाइक करीब 100 मीटर तक घिसटती रही और फिर आग का गोला बन गई। सड़क पर बिखरा खून, जली हुई बाइक और दवाइयों से भरा बैग देखकर मौके पर मौजूद लोग सिहर उठे। हादसे के बाद जीटी रोड पर लंबा जाम लग गया।

# रेप के आरोपी का शव पेड़ पर लटका मिला

एनएनआई



**हाथरस।** एक होमगार्ड के बेटे का शव शुक्रवार शाम को पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। युवक पर एक दिन पहले ही एक किशोरी से रेप का आरोप लगा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के नगला रमजू और नगला वशी गांवों के बीच खेतों में हुई। ग्रामीणों ने शव देखा तो वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल की।

मृतक की पहचान 36 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र सुरेश चंद के रूप में हुई है, जिसके पिता होमगार्ड हैं। सुनील पर गुरुवार को एक किशोरी के पिता ने सहपऊ कोतवाली में रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में कहा गया था कि सुनील एक मई को उनकी 16 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया, दो दिन तक बंधक बनाकर रखा और कई बार रेप किया। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि सुनील पहले भी उनकी बेटी को परेशान करता था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का डॉक्टरी मुआयना कराया था और आरोपी सुनील की तलाश कर रही थी। सुनील पर पहले से भी मुकदमे दर्ज थे। सुनील की वर्ष 2009 में शादी भी हो चुकी थी लेकिन उसे पर कोई संतान नहीं है।

मृतक सुनील के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उसके पिता का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी सहपऊ मयंक चौधरी ने बताया कि युवक के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने फिलहाल उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका से शादी की मांग पर युवक टावर पर चढ़ा

## सुसाइड की धमकी, पांच घंटे बाद फिरोजाबाद पुलिस ने समझा-बुझाकर नीचे उतारा

एनएनआई





**फिरोजाबाद।** टूंडला कस्बे में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग को लेकर एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब पांच घंटे तक चले इस घटनाक्रम के बाद युवक खुद ही नीचे उतर आया, जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मदाबाद निवासी अंकित पुत्र महावीर सिंह शनिवार सुबह करीब पांच बजे गांधी नगर स्थित क्राइस्ट द किंग स्कूल के पीछे लगे बीएसएनएल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

बताया गया है कि अंकित का मैनपुरी जनपद के घिरोर क्षेत्र की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों द्वारा शादी से इनकार किए जाने पर युवक तनाव में आ गया और टावर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देने लगा।

मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने युवक को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। इस दौरान युवक की फोन पर बातचीत भी कराई गई, ताकि उसे शांत किया जा सके। करीब पांच घंटे के अथक प्रयासों के बाद युवक स्वयं ही टावर से नीचे उतर आया। इसके बाद पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले गई। क्षेत्राधिकारी टूंडला अरुण कुमार चौरसिया ने बताया कि युवक प्रेम प्रसंग के चलते तनाव में था और समझाने-बुझाने के बाद उसे सकुशल नीचे उतार लिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, घर के बाहर मिला शव

एनएनआई



**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय आकाश परमार पुत्र विनोद परमार (पूर्व अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा), निवासी इंद्रा ज्योति नगर के रूप में हुई है। आकाश एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर की नौकरी किया करता था।

शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे आकाश को अपने दोस्तों के साथ ऑटो में देखा गया था। ऑटो चालक का नाम बिट्टू बताया जा रहा है। इसके बाद शनिवार सुबह करीब 7 बजे परिजनों को घर के बाहर आकाश का शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि उन्हें लगा था कि आकाश हनुमान नगर स्थित दूसरे घर पर सोने गया है। मृतक के हाथ में इंट्रा कैप लगी हुई थी, जिससे मामला और संदिग्ध माना जा रहा है। वहीं जानकारी सामने आई है कि आकाश को आखिरी बार राजा टैम्पो के साथ बिट्टू और अन्य लोगों के साथ हनुमान नगर की ओर जाते देखा गया था।

मृतक के पिता का यह भी कहना है कि बेटों के लिए हनुमान नगर में अलग घर बनाया गया था। घटना के बाद से मृतक की बुलेट मोटरसाइकिल भी गायब बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना ट्रांस यमुना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

# 5 थानों के 33 मुकदमों से जब्त मादक पदार्थ किए नष्ट

**आगरा** एनएनआई। आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पांच थानों में रखे करीब 400 किलो अवैध मादक पदार्थ को नष्ट कर दिया। यह मादक पदार्थ 33 अलग-अलग मुकदमों से संबंधित था और लंबे समय से मालखानों में जमा था। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर डीसीपी पूर्वी जोन की निगरानी में फतेहाबाद क्षेत्र में गांजा, चरस और स्मैक को जलाकर नष्ट किया गया।

पुलिस आयुक्त के निर्देश के बाद थाना फतेहाबाद, शमशाबाद, डौकी, निबोहरा और बाह में दर्ज मामलों से बरामद मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए कोर्ट से अनुमति ली गई। कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद 15 मई 2026 को नष्टीकरण की कार्रवाई की गई। डीसीपी पूर्वी जोन और एसीपी फतेहाबाद की मौजूदगी में पांचों थानों से बरामद नशे की खेप को एकत्र कर आग के हवाले कर दिया गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, नष्ट किया गया नशा कई साल पुराने मामलों से जुड़ा था। चार्जशीट दाखिल होने और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इसे नष्ट किया गया।

# वाहन और मोबाइल चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश, दो शातिर गिरफ्तार

एनएनआई



**आगरा।** थाना हरीपर्वत पुलिस ने वाहन और मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर अभियुक्तों को आईएसबीटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की कई बाइक और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

एसीपी हरीपर्वत अमीषा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों के पास से चोरी की 01 एक्टिवा स्कूटी, 02 बुलेट मोटरसाइकिल, 01 अपाचे बाइक तथा घटना में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इसके अलावा दो चोरी के मोबाइल फोन और 300 रुपये नकद भी पुलिस ने बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी के वाहनों को बिल्लोचपुरा रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में छिपाकर रखते थे, ताकि पुलिस की नजर से बच सकें। अभियुक्तों ने कैलाशपुरी और ओल्ड मथुरा रोड क्षेत्र में कई वाहन चोरियों की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी ऑटो में बैठाकर यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात को भी अंजाम देते थे। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए दोनो को जेल भेज दिया गया है।

# गलती से उठा लाई दूसरे का बैग, अंदर मिले लाखों के गहने

एनएनआई

**आगरा।** रोडवेज बस में सफर के दौरान दो महिलाओं के बैग आपस में बदल गए। एक बैग में करीब दस लाख रुपये के सोने के आभूषण रखे थे। बाद में एक महिला की ईमानदारी से बैग सही मालिक तक पहुंच गया, जिसकी लोगों ने खूब सराहना की।

फरेरा मुड़ियापुरा निवासी भोजवती पुत्रवधु भीकम सिंह शुक्रवार शाम रिश्तेदारी से रोडवेज बस से घर लौट रही थीं। उसी बस में पिढ़ौरा के गांव चंडीशाला निवासी मंजू देवी भी अपने मायके जा रही थीं। दोनों महिलाएं एक-दूसरे से अंजान थीं। बस से उतरते समय दोनों के बैग आपस में बदल गए, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं हो सकी। मंजू देवी बसई अरेला के स्याहीपुरा चौराहे पर उतरने के बाद जब बैग देखने लगीं, तब उन्हें



बैग बदलने का पता चला। उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने उन्हें बैग खोलने से मना कर दिया और इंतजार करने की सलाह दी। कुछ देर बाद दूसरी महिला भोजवती अपने ससुर भीकम सिंह के साथ रोते-बिलखते हुए स्याहीपुरा चौराहे पर पहुंचीं और बैग बदलने की बात बताई। मंजू देवी ने बैग उन्हें सौंप दिया। बैग में रखे करीब दस लाख रुपये के सोने के आभूषण देखकर भोजवती ने सामान की पहचान की और राहत की सांस ली। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाली महिला की जमकर प्रशंसा की। खुशी में भीकम सिंह ने ग्रामीणों के बीच लड्डू भी वितरित किए।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# एडीए की जमीन पर फेंके पशु के शव को नोंच-नोंच खा रहे थे कुत्ते

## छलेसर पुलिस चौकी प्रभारी ने लिखाया अज्ञात व्यक्ति पर पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा

एनएनआई

**एत्मादपुर।** निर्माणाधीन ग्रेटर आगरा टाउनशिप परियोजना के लिए अधिग्रहित आगरा विकास प्राधिकरण की जमीन पर पड़े पशु के शव को कुत्ते नोंच खा रहे थे। डायल 112 हेल्पलाइन सेवा पर गौबध की सूचना मिलने पर पहुंची इलाका पुलिस ने मौके पर मिले शव को कब्जे में लेने के बाद पशु चिकित्सा विभाग की टीम को बुलाकर निरीक्षण कराया तो उन्होंने शव को भैंस का होना बताया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी भैंस का शव होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने इस मामले में खुले में शव फेंकने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया है। छलेसर पुलिस चौकी प्रभारी कपिल कुमार की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमा में कहा गया है कि चार मई को 11.32 बजे पीआरवी संख्या 8733 पर गौ-बध (काउ स्लाटरिंग)




की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि नगला नत्थू छलेसर के पास खाली पड़ी एडीए अधिग्रहित जमीन पर गड्ढों में एक मृत भैंस के अवशेष पड़े हैं। मौके पर पशु चिकित्सक टीम को बुलाया गया। उसने मौके पर ही शव का निरीक्षण कर बताया कि यह भैंस किसी किसान की है जिसकी मृत्यु किसी बीमारी के कारण होने पर किसान द्वारा बीमारी या

"एडीए की जमीन पर मिला शव मृत भैंस का था। गौबध की सूचना गलत थी। पशु चिकित्सा विभाग की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

**कपिल कुमार, प्रभारी पुलिस चौकी छलेसर।**

मृत्यु होने की हालत में यहां फेंक दिया गया है। जिसे कुत्ता और अन्य जानवर नोंच खा रहे हैं। अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने पालतू बीमार अथवा मृत भैंस के शव को मरने के बाद दफन न करके खुली जगह में फेंक देना पशु क्रूरता की श्रेणी में आता है। इससे पर्यावरण प्रदूषित और संक्रमित हो रहा है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार चौकी प्रभारी की तहरीर पर इस मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## धड़ल्ले से हो रहा पशुओं का अवैध कटान

तहसील क्षेत्र के कस्बों से लेकर गांवों तक में जगह-जगह जानवरों का लाल मांस (रेड मीट) बेचने का धंधा इस समय जोरों पर चल रहा है। मांस बेचने वाले गैरलाइसेंसी दुकानदार बिना किसी रोक-टोक के अवैध रूप से निरीह जानवरों का कटान कर मांस बेचने का धंधा कर रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें बंद कर मौन बना बैठा है। उसकी अनदेखी से पशु क्रूरता अधिनियम की लगातार धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में जगह-जगह मीट बेचने की दुकानें संचालित की जा रही हैं। तयशुदा सरकारी नियमों को धता बताकर जानवरों के मांस की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। लेकिन गैरकानूनी तरीके से जानवरों का बध करने वाले कटान से पूर्व न तो डॉक्टरों से जांच करा रहे हैं और न साफ-सफाई के नियमों का पालन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नगर निगम आगरा की आधुनिक पशुवधशाला के अलावा यहां एक प्राइवेट पशुवधशाला भी संचालित है। रोजाना सैकड़ों पशुओं का कटान होता है। मांस कारोबार से जुड़े लोग वाहनों में भरकर पशुओं को लेकर आते हैं। जहां कटान से पूर्व पशु के स्वास्थ परीक्षण का नियम है। लेकिन यह नियम वाहनों में भरकर आने वाले पशुओं की हालत को देखकर बेमानी नजर आता है। वाहनों में क्षमता से अधिक जानवरों को भरकर लाते समय पशु क्रूरता अधिनियम का भी पालन नहीं किया जा रहा है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 16 मई, 2026




# सोशल मीडिया पेज पर खौफ की लकीरें खींच रहे रंगबाज

एनएनआई

आगरा। डर, खौफ, रुतबा और भौकाल मचाना गुंडे-बदमाशों का शगल बन गया है। यही सोशल मीडिया पर दहशत का पर्याय बन रहे हैं। इनके द्वारा बनाए गए पेज और आईडी से हर दिन तरह-तरह की पोस्ट करके अपनी दमदारी दिखाई जा रही है। अपना खौफ फैलाने के लिए हथियारों के साथ रील या वीडियो बनाकर शेयर की जा रही हैं। इनका सबसे ज्यादा प्रभाव युवाओं पर पड रहा है।

दरअसल नई उम्र के युवा पढाई लिखाई से विमुख होते ही गलत रास्ते पर चल पडते हैं। ये गलत रास्ते ही इनको बदमाशी की तरफ ले जाते हैं। आगरा शहर में भी कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने ऐसे पेज और आईडी बनाए हुए हैं, जिन पर नए-नए युवा आकर्षित होते हैं। शहर के यमुना पार क्षेत्र में पुलिस ने ऐसे गिरोह को चिन्हित किया था। ऐसे गुंडे-बदमाशों पर कोई कड़ी डिजिटल स्ट्राइक न होने के चलते ही इनके हौंसले बुलंद रहते हैं। यदि पुलिस ऐसे एकाउंट चेक कर कार्रवाई करे तो सोशल मीडिया से खौफ का माहौल खत्म किया जा सकता है। पिछले कुछ सालों में लाइसेंसी और अवैध हथियारों के साथ रील बनाने का ट्रेंड जोरों पर है।

## तमंचे पर डिस्को

पिछले दिनों न्यू आगरा क्षेत्र में हाथ में तमंचा लेकर दोस्तों के संग डिस्को करते एक युवक की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। न्यू आगरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तमंचा लहराने वाले युवक को दबोच लिया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही नवयुवक का तमंचे के साथ बदमाशी बनने का भूत काफूर हो गया।



## हर माह चार मामले सामने आए

सोशल मीडिया पर लाइक- कमेंट की चाहत में अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन कर युवा किस कदर कानून तोड़ रहे हैं। इसका उदाहरण पुलिस द्वारा पिछले 16 माह ऐसे रंगबाजों के खिलाफ की गई कार्रवाई से मिलता है। पिछले 16 महीनों में तमंचे और हथियारों के साथ वीडियो बनाने वाले 65 युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की। यानी हर माह ऐसे चार प्रकरण सामने आए। पुलिस ने ऐसे रंगबाजों के खिलाफ कार्रवाई की है, लेकिन सवाल यहीं खड़ा होता हे कि आखिर इनके पास ये तमंचे आ कहां से रहे हैं। अवैध तमंचे सप्लायर गैंग तक पुलिस की पकड़ अभी दूर है। अवैध हथियारों के सप्लायरों का कोई बड़ा खुलासा नहीं हुआ है।

न्यू आगरा पुलिस ने तीन दिन पहले इंटरनेट पर तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले युवक को दबोचा। उसके भी कब्जे से तमंचा बरामद किया गया। सवाल यह कि आखिर इन लोगों के पास तमंचे आ कहां से रहे। पुलिस ऐसे रंगबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेजती, लेकिन यह जानने की कोशिश नहीं करती आखिर इनके पास से तमंचे आ कहां से रहे हैं। इनका सप्लायर कौन है।

**दयालबाग/न्यू आगरा (मई 2026):** पुलिस ने जयवीर दिवाकर नामक युवक को गिरफ्तार किया, जो इंस्टाग्राम पर 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ रील बनाकर दहशत फैला रहा था। उसे आनंदी भैरव जंगल के पास से पकड़ा गया।

**कौशलपुर, न्यू आगरा (मई 2026):** दीपक बनवासी नामक युवक को तमंचा लहराकर फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल होने पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसे सबक सिखाते हुए कानूनी कार्रवाई की।

**मलपुरा क्षेत्र (मई 2025-2026 की अवधि):** आधे दर्जन से अधिक युवाओं का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे थार और बोलेरो कारों पर नकली पिस्टल और एयरगन लहरा रहे थे। पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया और वाहन सीज किए।

**सौदागर लाइन (मई 2025):** पीटर इंग्लैंड शोरूम के सामने 15-20 युवकों ने सड़क जाम कर मारपीट की और तमंचा लहराकर फायरिंग की। इस मामले में भी पुलिस ने कार्रवाई की थी।

नियमों की अनदेखी और हथियारों के प्रदर्शन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सैय्यद अली अब्बास
डीसीपी सिटी आगरा

## सात साल तक सजा का है प्रावधान

अवैध शस्त्रों के प्रदर्शन पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। इसमें तीन से सात साल तक सजा का प्रावधान है। वाहनों पर स्टंट, रेलवे ट्रैक और सार्वजनिक स्थानों पर वीडियो बनाना भी अपराध की श्रेणी में आते हैं।

# एक हजार से अधिक लोगों की सहभागिता कला और एआई आधारित क्रिएटिविटी पर मंथन

## मिशन 2030 के तहत 10 हजार एआई आर्टिस्ट तैयार करने का लक्ष्य

एनएनआई



**आगरा।** शहर में कला, संस्कृति और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्वेता ड्रॉइंग क्लासेस के तत्वावधान में शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित ललित कला संस्थान में आगरा आर्ट फेस्टिवल-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और कला प्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। फेस्टिवल में एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल युग में भी कला एवं मानवीय रचनात्मकता की अपनी अलग पहचान और विशेष महत्व है। फेस्टिवल में देश के विभिन्न कलाकारों और अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें अमित कपूर, अमित सलाथिया, सोनू अग्रवाल और डॉ. गणेश कुशवाह प्रमुख रहे। सभी वक्ताओं ने कला शिक्षा, एआई आधारित क्रिएटिविटी, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए कला क्षेत्र में बढ़ते अवसरों पर विचार रखे।

श्वेता ड्रॉइंग क्लासेस की निदेशक श्वेता जैन माहेश्वरी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को किफायती और गुणवत्तापूर्ण कला शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मिशन 2030 के अंतर्गत 10 हजार एआई आर्टिस्ट तैयार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। फेस्टिवल के दौरान लाइव आर्ट डेमोंस्ट्रेशन, आर्ट एग्जीबिशन, छात्र कला प्रतियोगिताएं, इंटरैक्टिव सेशन, कलाकार संवाद और एआई एवं आर्ट के भविष्य पर चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेल्थी नारी, रियाज करो, आरके फोटो स्टूडियो, शांतिनाथ महिला मंडल हरीपर्वत, आगरा माहेश्वरी महिला मंडल, रचनाकार डिसीजन, बालाजी फर्नीचर, आगरा स्टोरीज, एएस इवेंट और क्लेम निकलवाओ का सहयोग रहा। अंत में प्रतिभागियों और अतिथियों को सम्मानित किया गया।

# स्पाइन और ब्रेन स्ट्रोक के आधुनिक उपचार पर मंथन करेंगे देशभर के विशेषज्ञ

- न्यूरोलॉजी और स्पाइन सर्जरी की नई तकनीकों पर होगी चर्चा
- 17 मई को होटल जेपी पैलेस में होगा मिडटर्म सीएमई-2026 का आयोजन

एनएनआई




**आगरा।** बदलती जीवनशैली, तनाव, अनियमित खानपान, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के कारण स्ट्रोक, स्पाइन और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इन जटिल रोगों के बेहतर उपचार और नई चिकित्सा तकनीकों पर चर्चा के लिए 17 मई को शहर में देशभर के प्रमुख न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ जुटेंगे। यूपी-यूके न्यूरोसाइंस सोसाइटी एवं न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी आगरा के संयुक्त तत्वावधान में भविष्य की ओर अग्रसर विषय पर मिडटर्म सीएमई-2026 का आयोजन फतेहाबाद रोड स्थित होटल जेपी पैलेस में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा। शुक्रवार को होटल पीएल पैलेस में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अरविंद अग्रवाल और सचिव डॉ. विनय अग्रवाल ने सम्मेलन के वैज्ञानिक एजेंडे का ब्रोशर जारी किया।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में आगरा, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, मथुरा, नोएडा, झांसी, सैफई, लखनऊ, प्रयागराज, फरीदाबाद, गाजियाबाद और दिल्ली सहित देशभर के विशेषज्ञ चिकित्सक भाग लेंगे। आयोजन समिति सदस्य डॉ. आलोक अग्रवाल और डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में स्ट्रोक, एंडोवास्कुलर न्यूरोसर्जरी, स्पाइन सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर, मेनिन्जियोमा, डिमायलिनेटिंग रोग, एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी और क्रेनियोवर्टिब्रल जंक्शन सर्जरी जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान और पैनल चर्चा होगी।

उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन चिकित्सकों के लिए ज्ञानवर्धक मंच साबित होगा और प्रदेश में न्यूरोसाइंस चिकित्सा सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक बनेगा। आयोजन समिति सदस्य डॉ. मयंक बंसल, डॉ. मयंक अग्रवाल और डॉ. उद्भव बंसल ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य युवा चिकित्सकों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और शोध से अवगत कराना है। देश के वरिष्ठ विशेषज्ञ अपने अनुभव और नवीन उपचार पद्धतियां साझा करेंगे।

# पुरुषोत्तम मास में बहेगी भक्ति ज्ञान की गंगा



- श्री बुजीवाला मंदिर में होगा सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर जयपुर हाउस प्रताप नगर स्थित श्री बुजीवाला मंदिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर होने जा रहा है। श्री बुजीवाला मंदिर संचालन समिति की ओर से 18 से 25 मई तक भव्य सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथा में वृंदावन धाम से पधार रहे कथावाचक आचार्य राजेश शास्त्री महाराज अपने श्रीमुख से भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे। शुक्रवार को कथा के आमंत्रण-पत्र का विमोचन समिति पदाधिकारियों ने श्रद्धा भाव के साथ किया गया। मुख्य यजमान गौरव बंसल व निधि बंसल* ने बताया कि कथा महोत्सव का शुभारंभ 18 मई की सुबह सात बजे जयपुर हाउस स्थित चिंताहरण मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। 551 महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति और आस्था की अनुपम छटा बिखेरेंगी। कलश यात्रा का मार्ग में आठ स्थानों पर पुष्पवर्षा एवं भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात शाम को श्री बुजीवाला मंदिर में कथा का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन शाम चार से सात बजे तक दिव्य कथा का रसपान कराया जाएगा। समन्वयक विजय बंसल ने बताया कि आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तों के बीच विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल है। कथा में 19 मई को मंगलाचरण एवं कुंती-भीष्म स्तुति, 20 मई को सती, ध्रुव एवं प्रहलाद चरित्र, 21 मई को समुद्र मंथन, रामचरित्र और नंदोत्सव, 22 मई को श्रीकृष्ण बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पूजन, 23 मई को कंस उद्धार, रासलीला और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह तथा 24 मई को सुदामा चरित्र के साथ कथा विश्राम होगा। 25 मई को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। कथा स्थल पर प्रतिदिन आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां भी सजाई जाएंगी, जिनके दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठेंगे। इस अवसर पर रंजीत सामा, ओम स्वरूप गर्ग, जेठा भाई, राजकुमार अग्रवाल, केशव अग्रवाल, निधि अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राजेश जिंदल, जय कुमार, गोपाल अग्रवाल, शकुन बंसल, संदीप गोयल, ज्योति मोहन जिंदल, पियूष सिंघल, अलोक जैन, सुनील मित्तल, पूजा जिंदल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नवजातों के लिए वरदान साबित हो रहा सी-पैप

- एसएन मेडिकल कॉलेज में हर साल 1650 नवजातों की बचाई जा रही जान
- फेफड़े विकसित न होने पर सी-पैप मशीन से दी जाती है सांस

एनएनआई



**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में स्थापित एसएनसीयू में सी-पैप मशीनें नवजातों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। यहां हर वर्ष करीब 1650 नवजातों का सफल उपचार कर उनकी जान बचाई जा रही है। एसएनसीयू में केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राजस्थान और मध्य प्रदेश से आने वाले नवजातों का भी उपचार किया जा रहा है। एसएन मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि सी-पैप मशीन के जरिए एक निश्चित अनुपात में ऑक्सीजन और हवा को नाक के माध्यम से फेफड़ों तक पहुंचाया जाता है, जिससे बच्चे को सांस लेने में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि वेंटिलेटर की तुलना में सी-पैप के अधिक फायदे हैं और इससे होने वाले दुष्प्रभाव भी काफी कम होते हैं। बाल रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. नीरज यादव ने बताया कि सी-पैप एक नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन तकनीक है। इसमें गले में नली डालने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि नाक के जरिए बच्चे के फेफड़ों को फुलाने का प्रयास किया जाता है। इसके साइड इफेक्ट्स कम हैं और यह अधिक प्रभावी तकनीक है। उन्होंने बताया कि एसएन मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में 24 बेड की नर्सरी संचालित है, जहां हर साल लगभग 1800 नवजात भर्ती होते हैं। इनमें से 1650 से अधिक बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर घर जाते हैं। उन्होंने कहा कि यहां 800 से 1000 ग्राम वजन वाले प्री-मैच्योर बच्चों का भी सफल उपचार किया गया है। डॉ. नीरज यादव ने बताया कि एसएनसीयू में आगरा के अलावा आसपास के जिलों तथा राजस्थान और मध्य प्रदेश के करीब एक दर्जन जिलों से मरीज पहुंचते हैं। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार नवजातों के उपचार में जुटी हुई है और गंभीर स्थिति वाले बच्चों की जान बचाने में सफलता मिल रही है।



newsnextindia1@gmail.com
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



## निर्वाण लाडू चढ़ाया: शांतिनाथ भगवान का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

एनएनआई


**आगरा।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर सेक्टर 7 आवास विकास कॉलोनी सिकंदरा में श्री 1008 शांतिनाथ भगवान के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर अभिषेक एवं शांतिधारा को शांतिनाथ भगवान का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इसके बाद नित्य नियम पूजा एवं शांतिनाथ भगवान की पूजा की गई। बोली के माध्यम से मनोज जैन, अनमोल जैन, अमित जैन तहसील, सतेंद्र कुमार जैन, सतेंद्र कुमार जैन एस.बी.आई परिवार, विवेक जैन, माया जैन,शिखा जैन,प्रीति जैन, प्रेमलता जैन, अशोक जैन परिवार ने 21 किलो का लाडू चढ़ाया गया। मोक्ष कल्याणक महोत्सव के तहत भगवान शांतिनाथ को निर्वाण 108 किलो भक्ति भाव से श्रद्धालुओं में लड्डू चढ़ाया गया।

इस मौके पर मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष अतुल जैन, मंत्री राकेश जैन टीचर, कोषाध्यक्ष मगन कुमार जैन, प्रवीन जैन, महेश चंद जैन, राजेश बैनाड़ा, विजय जैन निमोरब, अरुण जैन,सुशील जैन, संजीव जैन, हेमा जैन,दिलीप जैन, अनिल जैन बुरे वाले, मनोज जैन, विपुल जैन,आलोक जैन, सिद्धार्थ जैन, मोहित जैन,अमित जैन तहसील, प्रशांत जैन, वैभव जैन, दीपक जैन, आदिश जैन, प्रशांत जैन, विकास जैन, गौरव जैन, आदर्श जैन,दिपेश जैन, संजय जैन, शुभम जैन, घनश्याम जैन, आशीष जैन, विशाल जैन, अभिषेक जैन मीडिया प्रभारी राहुल जैन सकल जैन समाज मौजूद थे।

# यमुना तट पर श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का सजेगा आध्यात्मिक उत्सव

- श्री मनःकामेश्वर मठ के तत्वावधान में 17 से 24 मई तक भव्य आयोजन, द्वादश ज्योतिर्लिंग, बाल संस्कार शिविर होंगे विशेष आकर्षण

एनएनआई



**आगरा।** श्री मनःकामेश्वर मंदिर मठ द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित होने जा रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के आमंत्रण पत्र का विमोचन शुक्रवार को यमुना किनारा रोड, ताज व्यू गार्डन फेस-1 स्थित कथा स्थल पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास, जिसे अधिक मास भी कहा जाता है, भगवान विष्णु को समर्पित है और प्रत्येक तीन वर्ष में आता है। इस मास में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण विशेष पुण्यदायक माना गया है। पहली बार मंदिर प्रांगण से बाहर इतने विशाल स्वरूप में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन लगभग दो से ढाई हजार श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। कथा व्यास श्री महंत योगेश पुरी हैं।

कथा स्थल पर लगभग 200 गज क्षेत्र में पूर्ण वातानुकूलित भव्य कथा मंडपम तैयार किया जा रहा है। महाकुंभ की तर्ज पर परिसर में भोजनालय, अतिथि गृह एवं ब्राह्मण कक्ष सहित विभिन्न कुटियाएं बनाई गई हैं। मंच पर भगवान विष्णु के 24 अवतारों की मूर्तियां विराजित की जा रही हैं। उन्होंने ने बताया कि कथा के मुख्य यजमान स्वयं श्री मनकामेश्वर बाबा होंगे, जिनका स्वरूप मंच पर कथा व्यास की ओर मुख कर विराजमान रहेगा। प्रतिदिन कथा के पश्चात 20 फीट ऊंचे मंच से यमुना नदी की आरती की जाएगी।

कार्यक्रम के अनुसार 17 मई को प्रातः 7 बजे श्री मनःकामेश्वर मठ से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी। 18 मई से 24 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक श्रीमद्भागवत कथा आयोजित होगी।

**बाल संस्कार शिविर विशेष आकर्षण**

प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से कथा स्थल पर सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर आयोजित होगा। इसमें गीता परिवार आगरा मंडल द्वारा बच्चों को श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक पढ़ना, समझना और जीवन में उतारना सिखाया जाएगा। यह प्रशिक्षण राजीव गुप्ता पार्थ एवं डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में होगा। साथ ही गीता परिवार की बाल संस्कार पाठमाला पुस्तक का निशुल्क वितरण किया जाएगा। शिविर में दीप्ति गर्ग एवं शानू अग्रवाल योग का प्रशिक्षण देंगी, अनामिका वर्मा एक्रेलिक आर्ट सिखाएंगी। कथा व्यास श्रीमहंत योगेश पुरी के शिष्य मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देंगे। कार्तिक भारद्वाज के नेतृत्व में गायन, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक नृत्य एवं चित्रकला गतिविधियां आयोजित होंगी।

शिविर में श्री मनकामेश्वर बाल विद्यालय के लगभग 200 बच्चों सहित स्थानीय अन्य विद्यालयों के 400 से 500 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। बच्चों को प्रकृति से जोड़ने के लिए पौधारोपण, पक्षियों को जल एवं दाना डालने का प्रकल्प सिखाया जाएगा। आमंत्रण पत्र विमोचन के अवसर पर अनिल रावत, सुधीर यादव, अमर गुप्ता, धीरज जैन, गोपाल बंसल, दीपक, अंकित अग्रवाल, पायल माथुर, अनुज शर्मा, लक्ष्मीकांत राजावत, थानेश्वर तिवारी, अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

## मैक में हुई फिल्ममेकिंग की मास्टरक्लास

**आगरा एनएनआई।** मैक में आज फिल्म मेकिंग पर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व प्रसिद्ध फिल्म लेखक और निर्देशक सूरज तिवारी ने किया। स्क्रिप्टिंग से लेकर डायरेक्शन तक, उनके अनुभवों ने भविष्य के फिल्म मेकर्स के लिए सीखने के नए द्वार खोल दिए हैं।



आज की क्लास साधारण नहीं थी, फिल्म मेकिंग की दुनिया के असली 'रियल टचेस' और बारीकियों को छात्रों के साथ साझा किया। इस वर्कशॉप ने विजन को और भी साफ कर दिया है। कैमरे के पीछे की दुनिया को समझना और उसके अनुसार कहानी को कहना एक कठिन काम है लेकिन जब आप किसी तैयारी के साथ आते हैं तो आसान होता है और इस मास्टरक्लास ने ये सिद्ध कर दिया। इसमें कहानी की बारीकियां, विसुअल इफेक्ट्स, कैमरा टेक्निक्स, प्रोडक्शन,पोस्ट प्रोडक्शन और रिलीज के बारे में समझा। दूसरा सेशन प्रश्न उत्तर का था जिसमें स्टूडेंट्स ने कई सवाल जवाब दिए। मैक के निदेशक डॉ प्रशांत ए सागर ने धन्यवाद ज्ञापन किया और लेखक निर्देशक सूरज तिवारी को और डी ओ पी कमल लोखंडवाला को सम्मानित किया।

## अवैध वाहनों को पकड़ने पर इंस्पेक्टर का किया सम्मान

**आगरा एनएनआई।** जीआरपी आगरा ने कैंट के सकुर्लेट एरिया में मौजूद अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया, जिससे अवैध चालकों में भगदड़ मच गई। टीम ने करीब दो-तीन दर्जन ऑटो थाने में बंद कर दिए। इस मामले में प्रीपेड ड्राइवर एकता यूनियन ज्ञापन देने जाने वाली थी लेकिन इससे पहले ही जीआरपी कैंट द्वारा अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर दी। ऐसे में ज्ञापन देने का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया और इंस्पेक्टर का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष जहीर अब्बास, महामंत्री अनिल शर्मा, रफीक चौधरी, ऋषभ खान, बल्लू, फिरोज उस्मानी, शंकर गबरू ठेकेदार आदि तमाम यूनियन के साथी मौजूद रहे।



# एसएन मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई हार्ट बायपास सर्जरी, टीम का सम्मान

एनएनआई

**आगरा।** आगरा और आसपास के जनपद के हजारों मरीज हार्ट बायपास सर्जरी कराने के लिए दिल्ली और जयपुर जाने के लिए मजबूर होते थे लेकिन आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा शुरू होने से हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा। मेडिकल कॉलेज की कुशल चिकित्सकों की टीम ने पहली सफल बाईपास सर्जरी अप्रैल में सफलतापूर्वक की। मेडिकल कॉलेज की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर चिकित्सकों की टीम को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सक और ऑपरेशन थिएटर में काम करने वाली टीम को सम्मानित करते हुए कहा यह आगरा नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। 172 वर्ष में पहली बार मेडिकल कॉलेज में ओपन हार्ट सर्जरी का सफल ऑपरेशन हुआ है।

**इस तरह हुआ था सफल ऑपरेशन**

मेडिकल कॉलेज के हृदय रोग विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर सुशील सिंघल ने बताया कि हाई रिस्क मरीज को 10 अप्रैल को भर्ती किया गया था। गृहस्थ राशन कार्ड होने पर मरीज का असाध्य रोग निधि से सर्जरी के लिए पंजीकरण कराया



गया। 13 अप्रैल की रात 10:00 बजे मरीज की धड़कते हुए दिल की (ऑफ पंप कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग) बाईपास सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि विश्व भर में हार्ट बाईपास सर्जरी के बाद 5 से 7 दिन बाद मरीज की छुट्टी की जाती है। मगर एशियन मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के बाद 72 घंटे में मरीज को सुरक्षित रूप से घर भेज दिया गया।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कार्डियट्रॉपिक वैस्कुलर सर्जन डॉ सुशील सिंघल, डॉ शिव , डाक्टर सुलभ गर्ग, डॉ आरती, एनेस्थीसिया टीम से डॉक्टर अपूर मित्तल, डॉक्टर योगिता, डॉक्टर अति, हर्ष मोहन ,डॉ अमित, डॉक्टर रोहन, डॉ अखिल, डॉ विकास, सिस्टर प्रमिला , श्वेता सुमन, प्रिया का इस पूरे ऐतिहासिक ऑपरेशन में विशेष सहयोग रहा।

मेडिकल कॉलेज के इतिहास में पहली बार हार्ट की सफल बाईपास सर्जरी के लिए कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने एसोसिएट प्रोफेसर सीटीवीएस डॉ सुशील सिंघल, विभाग अध्यक्ष डॉ योगिता द्विवेदी, डॉ अपूर्व मित्तल, डॉअतिहर्ष मोहन, डॉ शिवकुमार , डॉ अमित, डॉक्टर सुलभ गर्ग, डॉ आरती, डॉ रोहन कुमार गुप्ता, नर्सिंग स्टाफ श्वेता, प्रमिला कुमारी, रामकुमार, रंजना बघेल , नीरज कुशवाहा, प्रिया, पूनम शर्मा, आकाश गोयल, मोनू राजपूत, सचिन, रोहित पाल , सौरभ, लकी चौहान, नकुल, उत्तम, साधना शर्मा की टीम को सम्मानित किया।

# तीन घरों से 40 लाख के नकदी और जेवर चोरी

## 200 मीटर के दायरे में हैं चोरों का निशाना बने तीनों घर

एनएनआई



**बाह।** बासौनी के गुंगावली गांव में तीन घरों से 40 लाख के नगदी एवं जेवर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। बृहस्पतिवार की रात चोरों का निशाना बने तीनों घर 200 मीटर के दायरे में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की। गुंगावली गांव के वीरेन्द्र सिंह तोमर अपने नलकूप पर घर बनाकर रहते हैं। जबकि गांव के एक ही परिवार के शिवनरायन एवं रामविनोद के घर सड़क के किनारे पर हैं। वीरेन्द्र सिंह तोमर ने पुलिस को बताया कि रात 12 बजे के बाद घर के पिछवाड़े से छत पर चढ़े चोरों ने आंगन पर रखा जाल हटाया, छत पर रखी नसेंनी के माध्यम से आंगन में उतरे। बक्से, अलमारी आदि में रखे 2.82 लाख रुपये, सोने का 5 तोला बजनी रानी हार, ढाई तोला बजनी कॉलर, चांदी का आधा किलो बजनी नारियल, 15 सिक्के, 7 जोड़ी चांदी की पायजेब करीब 18 लाख का माल चोरी कर ले गये। वीरेन्द्र सिंह तोमर के घर से 200 मीटर की दूरी पर स्थित शिवनरायन के घर में पिछवाड़े से छत के रास्ते चोर घुसे थे। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग मटेरियल की दुकान का कैश 3 लाख रुपये, एक किलो चांदी का सामान कुल 5 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। पड़ोस में स्थित परिवार के रामविनोद के घर में भी ठीक इसी अंदाज में चोर घुसे। रामविनोद ने बताया कि चोर बक्से, अलमारी आदि तोड़ कर सोने की 10 तोला बजनी सीतारानी, कॉलर, 5 अंगूठी, 50 हजार रुपये कुल करीब 18 लाख रुपये का माल चोरी कर ले गये। शुक्रवार सुबह 4-5 बजे के करीब परिजन जागे तो घर के अंदर का नजारा देख कर सन्न रह गये। सूचना पर पहुंची बासौनी पुलिस ने छानबीन की। एक ही रात में 3 घरों में 40 लाख की चोरी होने से दहशत में आए गुंगावली के ग्रामीणों ने पुलिस के रात्रि गश्त की मांग उठाई है। चोरी की वारदातों का खुलासा करने की भी मांग की है।

## गाय के रुपये नहीं लौटाए तो रख ली बाइक

**बाह** एनएनआई। गाय की रकम न लौटाने पर किसान की बाइक रखवाने और पुलिस द्वारा जरार चौकी पर खड़ी कराए जाने का मामला सामने आया है। रजपुरा के धर्मजीत ने पुलिस को बताया कि मुड़ियापुरा गांव के किसान से 32500 रुपये में गाय खरीदी थी। जिसे वापस कर दिया था। किसान ने 2-4 दिन में रुपये लौटाने का आश्वासन दिया था। लेकिन 2 साल बाद भी रुपये वापस नहीं किए तो 10 मई को गांव आए किसान से रुपये मांगे। नहीं देने पर उसकी बाइक रखवा ली थी, कहा था कि रुपये लौटाने पर अपनी बाइक ले जाना। 11 मई को जरार पुलिस चौकी से फोन कॉल आई कि मुड़ियापुरा के किसान की बाइक रख ली है, पुलिस को बताया कि गाय के रुपये न देने पर बाइक रखी है। जिस पर पुलिस ने कहा कि बाइक को चौकी पर खड़ी कर जाओ। 14 मई को संभ्रांतजनों की मौजूदगी में जरार चौकी की सुपुर्दगी में बाइक दे दी है। उन्होंने पुलिस से रुपये दिलवाने की गुहार लगाई है।




## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए बच्चों की पहल, बनाए पानी के पात्र

एनएनआई

**फतेहाबाद।** भीषण गर्मी में प्यास से बेहाल बेजुबान पक्षियों को राहत देने के उद्देश्य से श्री महावीर जी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अनूठी पहल की। बच्चों ने पक्षियों के लिए पानी पीने के पात्र तैयार किए और उन पर सुंदर चित्रकारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही घास से आकर्षक घोंसले भी बनाए।

विद्यालय परिसर में आयोजित गतिविधि के दौरान बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। तैयार किए गए पात्र विद्यालय को सौंपे गए, ताकि उन्हें विभिन्न स्थानों पर रखकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जा सके।

बच्चों की रचनात्मकता और सामाजिक सोच की विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की। प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में संवेदनशीलता और प्रकृति प्रेम की भावना विकसित करती हैं। वहीं प्रबंधक आशीष शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता झुलसी, एसएन में कराया भर्ती

एनएनआई

**फतेहाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव बमरौली में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय विवाहिता गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे उपचार के लिए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

ग्राम बमरौली निवासी माला पत्नी सतवीर की शादी करीब चार माह पहले हुई थी। शुक्रवार को वह संदिग्ध परिस्थितियों में आग की चपेट में आ गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई। इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर फतेहाबाद थाना पुलिस भी गांव पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## मांगे पूरी होने पर किसानों का 186 वें दिन धरना समाप्त

एनएनआई



**अछनेरा।** निमार्णाधीन कीथम भांडई बाईपास तीसरी रेल लाइन से तहसील किरावली के गांव नागर के चकमार्ग संख्या 24 पर पुल निर्माण की मांग को 11 नवम्बर से आंदोलित किसान बड़ी संख्या में आज सुबह करीब 10 बजे से आगरा बाँदीकुई रेलवे लाइन पर गांव नागर रेलवे क्रासिंग पर इकठ्ठा होने लगे इस बात को लेकर पुलिस प्रशासन के हाथ पैर फूलने लगे आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह ने बताया कि प्रशासन व रेलवे द्वारा समाधान न करने से किसानों का धैर्य जवाब दे गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किसान पुल निर्माण की आर पार की लड़ाई के मूड में रेलवे क्रॉसिंग पर पंहुचे तो पुलिस फोर्स ने रोक दिया। ग्रामीण व किसान रेलवे क्रासिंग के पास ही रोड के किनारे मोर्चा लगाकर कर बैठ गए। ग्रामीणों ने बताया कि किसान रेल लाइन के पुल 31व 32अ के मध्य में चक मार्ग संख्या 24 पर पुल की मांग को लेकर 11 नवम्बर से वेमियादी धरने पर बैठ हुए हैं। रेल लाइन से चकरोड बंद होने से किसानों को खेतों के लिए चार पांच गुना फेर होने से ज्यादा समय व खर्च झेलना पड़ रहा था। इस आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने के लिए जीआरपी, आरपीएफ, थाना अछनेरा पुलिस के साथ साथ नायब तहसीलदार शुभ्रा अवस्थी ने भी मोर्चा संभाला।

इस दौरान-किसान नेता धीरज सिकरवार,भारतीय दिव्यांग संगठन के बॉबी गोला,सुखपाल सिंह,सौदान सिंह,राजेंद्र सिंह, प्रमोद नरवार, बलवीर सिंह, भगवान दास, दामोदर सिंह, प्रेम सिंह, मेंबर सिंह,अजय पाल सिंह, सुरेन्द्र सोलंकी, बाबूलाल बाल्मीकि,पवन नरवार, अशोक नरवार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## शहीद सुखदेव थापर को जयंती पर किया नमन

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम सुनहरा में पुरुषार्थ सेवा संगठन की ओर से अमर शहीद सुखदेव थापर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि शहीद सुखदेव थापर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की मिसाल कायम की। संगठन के सदस्यों ने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा और समाजहित के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के संकल्प को दोहराते हुए अमर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ से पारुल राणा, नीतू पैलवार, वंदना राणा, मिथलेश देवी, कुमकुम कहरवार, सुमन कहरवार व रश्मि राणा मौजूद रहीं। वहीं संगठन से जिगनेश कहरवार, विराट कहरवार, सोनवीर सिंह पैलवार, जितेंद्र सिंह राणा और कर्मवीर राणा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अछनेरा में सपाइयों ने दी प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि

एनएनआई

**अछनेरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को अछनेरा में गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस दुख की घड़ी में सभी सपाइयों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा को शांति दी। विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी प्रदीप मुखिया के नेतृत्व में स्थानीय अंबेडकर पार्क में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ?बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मुखिया ने कहा कि यह



समाजवादी परिवार के लिए एक अत्यंत दुखद और अपूर्णीय क्षति हुई है। इस घटना को भुलाया नहीं जा सकता।

## संपादकीय

# इंडिया गठबंधन का विखंडन!

तमिलनाडु के चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस ने जो स्टैंड लिया है वह उसकी सहयोगी पार्टियों की चिंता बढ़ाने वाली है। राहुल गांधी ने यह मैसेज दिया है कि सहयोगी पार्टियां उसे फॉर गारंटीड न लें। कांग्रेस अपना रास्ता अलग भी बना सकती है। वैसे देखा जाए तो संसद में तालमेल के अलावा इंडिया गठबंधन वैसे भी निरर्थक हो चुका था। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद कांग्रेस का एकतरफा तौर पर डीएमके का साथ छोड़कर टीवीके से गांठ जोड़ लेने से पैदा हुई कड़वाहट का ही नतीजा है कि डीएमके ने लोकसभा स्पीकर से अपने सदस्यों की सीटिंग व्यवस्था बदलने की गुजारिश कर दी। कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ विजय की पार्टी को समर्थन नहीं दिया, बल्कि राहुल गांधी उनकी शपथ में गए। कांग्रेस के सिर्फ पांच विधायक जीते हैं और सरकार में कांग्रेस की बहुत छोटी भूमिका रहने वाली है। फिर भी राहुल गांधी शपथ में हिस्सा लेने गए और मंच पर बैठे रहे। इसका एक पहलू तो यह है कि कांग्रेस को लग रहा है कि द्रविडियन पार्टियां कमजोर होंगी तो कांग्रेस के लिए स्कोप बनेगा। राहुल को यह भी लग रहा है कि विजय का जो जादू है वह अभी अगले कुछ साल चलेगा। इस बीच 2029 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उनके सहयोग से अच्छा कर सकेगी।दूसरी पहलू यह है कि कांग्रेस ने सहयोगी पार्टियों को संदेश दिया है। ध्यान रहे इसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले डीएमके ने अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया था। ऐसे ही 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी ने कह दिया कि वे विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं रहेंगी। वे अकेले लड़ी थीं। बिहार में राजद के साथ सीट बंटवारे में समस्या आई तो असम में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 12 सीटों पर उम्मीदवार उतार कर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। आम आदमी पार्टी के साथ भी उसके संबंध ऐसे ही रहे हैं। सो, जो काम छोटी पार्टियां करती थीं वह काम इस बार कांग्रेस ने कर दिया है। उसने नतीजे आते ही डीएमके को छोड़ा और जीती हुई पार्टी टीवीके को समर्थन देने का ऐलान कर दिया। कांग्रेस के इस फैसले का तात्कालिक असर समाजवादी पार्टी के ऊपर होगा। राहुल ने अखिलेश यादव की चिंता बढ़ा दी है।अगले साल मार्च में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा साथ लड़े थे। सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी थीं, जिसमें से कांग्रेस छह पर जीती। दूसरी ओर 63 सीटों में सपा ने 37 जीती। उसका स्ट्राइक रेट 60 फीसदी का था, जबकि कांग्रेस का 35 फीसदी का। इस आधार पर सपा के नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कम सीटें दी जाएंगी। दूसरी ओर कांग्रेस कमर कसे हुए है कि वह एक सौ सीट से कम नहीं लड़ेगी। कांग्रेस को समझाना सपा के लिए आसान नहीं होगा। लेकिन सवाल है कि कांग्रेस के पास विकल्प क्या है? क्या कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ सकती है या बहुजन समाज पार्टी के साथ तालमेल की पहल हो सकती है? उस समय पता नहीं क्या होगा लेकिन अभी सपा के लिए समस्या है। ऐसे ही झारखंड में हेमंत सोरेन को रुख को देखते हुए कांग्रेस अकेले राजनीति करने की तैयारी कर रही है। बिहार में तो वह अकेले राजनीति कर ही रही है। महाराष्ट्र में भी शरद पवार की बनाई पार्टी के दोनों धड़ों के विलय के बाद की राजनीति क्या होगी उस पर भी कांग्रेस की नजर है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि कई प्रादेशिक पार्टियां अंदरखाने भाजपा के संपर्क में हैं। वे भाजपा की मदद के लिए कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की राजनीति करती हैं। इसलिए कांग्रेस अब अपने हिसाब से उनको हैंडल करने की रणनीति पर काम कर रही है। इंडिया गठबंधन ने तय किया गया था कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव निपट जाने के बाद दिल्ली में एक बैठक की जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने इसकी योजना बनाई थी। कहा जा रहा था कि महिला आरक्षण के लिए बनाए गए नारी शक्ति वंदन कानून में संशोधन के नाम पर केंद्र सरकार ने परिसीमन कराने का जो बिल पेश किया था उसे विफल करने का जश्न मनाने के लिए विपक्ष की बैठक होगी। गौरतलब है कि उस मामले में विपक्ष की पार्टियों ने कमाल की एकता दिखाई थी। किसी भी विपक्षी पार्टी की ओर से एक भी सांसद ने क्रॉस वोटिंग नहीं की थी और न बिना बताए कोई सांसद गैरहाजिर हुआ था। तब चार मई के नतीजे के बाद किसी दिन बैठक बुलाने की बात हुई थी।लेकिन अब लग नहीं रहा है कि ऐसी कोई बैठक होगी। इसका कारण यह है कि चुनाव से पहले तक सभी पार्टियां मान रही थीं कि पश्चिम बंगाल में ममत बनर्जी और तमिलनाडु में एमके स्टालिन की पार्टी जीतने वाली है। विपक्ष के हौसले बुलंद थे। उनको लग रहा था कि संसद में पहली बार सरकार का बिल गिराया है और अब तीन बड़े राज्यों में जीत हासिल होती है तो उसका बड़ा मनोवैज्ञानिक असर भाजपा पर होगा। इस असर को बढ़ाने के लिए विपक्ष की बैठक प्लान की गई थी। लेकिन सब उल्टा हो गया। ममता बनर्जी बुरी तरह से चुनाव हारीं तो एमके स्टालिन की पार्टी भी चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हो गई। ऊपर से एक समस्या यह आ गई कि कांग्रेस ने तमिलनाडु में डीएमके को छोड़ कर टीवीके का हाथ पकड़ लिया। इससे अलग नाराजगी हुई है और डीएमके ने स्पीकर को चिट्ठी लिख कर लोकसभा में कांग्रेस से अलग सीट देने की मांग की है।सो विपक्षी गठबंधन की पार्टियों के बीच जैसी स्थिति है उसमें अभी तुरंत बैठक होने की संभावना कम ही दिख रही है।विपक्षी नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। जिस समय गैर-भाजपा दलों में सबसे ज्यादा सहयोग और भाजपा का मुकाबला करने के एकजुट संकल्प की जरूरत है, इन दलों में समन्वय का रहा-सहा मंच भी बिखरता नजर आ रहा है।



# थोक महंगाई एक महीने में दोगुनी

## रोजाना जरूरत के सामान और गैस-बिजली के दाम बढ़े

अप्रैल में थोक महंगाई दोगुने से ज्यादा बढ़कर 8.30% पर पहुंच गई है। मार्च में यह 3.88% पर थी। अप्रैल में महंगाई 42 महीने में सबसे ज्यादा है। अक्टूबर 2022 में ये 8.39% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 14 मई को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई बढ़ने की वजह रोजाना जरूरत की चीजें और फ्यूल के दाम



बढ़ना है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। यह तनाव लंबा चला तो महंगाई आगे और बढ़ सकती है। इस तनाव के वजह से क्रूड ऑयल के दाम 100 डॉलर के पार पहुंच गए हैं।

**रोजाना जरूरत के सामान, फ्यूल और पावर के दाम बढ़े**

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 6.36% से बढ़कर 9.17% हो गई।

खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 1.85% से बढ़कर 1.98% पर पहुंच गई है।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 1.05% से बढ़कर 24.71% हो गई है।

मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 3.39% से बढ़कर 4.62% रही।

**होलसेल महंगाई के 4 हिस्से**

प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।

फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां नॉन फूड आर्टिकल में ऑयल सीड आते हैं

मिनरल्स क्रूड पेट्रोलियम रिटेल महंगाई अप्रैल में बढ़कर 3.48% पर पहुंची

अप्रैल की रिटेल महंगाई बढ़कर 3.48% पर पहुंच गई है। इससे पहले मार्च में यह 3.40% थी। महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों का बढ़ना है। फूड इन्फ्लेशन अप्रैल में बढ़कर 4.20% पर पहुंच गई। मार्च में यह आंकड़ा 3.87% था।

**होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर**

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डबल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डबल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

**महंगाई कैसे मापी जाती है?**

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है।

महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग की 10.07% और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

## मेरा महाभारत



कलयुग में अंधा राजतंत्र भी है
और उसकी बिगड़ैल संतानें भी
दबी-डरी और भ्रष्ट
कार्यपालिका है और न्यायपालिका
भी जनता रूपी द्रोपदी भी है
और उसकी अस्मिता का चीरहरण
भी गीता भी है और उसमें प्रदत्त
कृष्ण का ज्ञान भी अर्जुन भी हैं जो
वीर है और किंकर्तव्यविमूढ़ भी
कलयुग के महाभारत के इस
प्रकरण में अगर कुछ नहीं है तो
केवल कृष्ण !!
क्या जनता किसी कृष्ण की
राह देखती रह जाएगी ?
क्या अर्जुन इसी प्रकार
रिश्ते निभाने को तत्पर होगा
अथवा गीता-ज्ञान को आत्मसात
कर इस युद्ध में विजयी होगा ??
क्या द्रोपदी को स्वयं उतरना होगा
अपने युद्ध में ??
क्या धृतराष्ट्र अपनों की उद्दंडता
अनदेखी करते रहेंगे ??
क्या भीष्म अन्याय की परिपाटी से
विद्रोह नहीं करेंगे ??
दुर्योधन का एनकाउंटर क्या
अभिमन्यु करेगा ??
प्रश्न बहुत हैं, उत्तर कम ।

**डॉक्टर अशोक विज**
**वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ**

# धर्मेंद्र की एक ऐतिहासिक फिल्म

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब बेशक हम सबके बीच नहीं हैं। लेकिन उनसे जुड़े कहानी किस्सों का जिक्र हमेशा किया जाता है। खासतौर पर अपने सुनहरे 6 दशक के लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने कई शानदार मूवीज की, जो सिनेमाई गलियारे में आए दिन चर्चा का विषय बनी रहती हैं। इसी आधार पर आज हम आपको धर्मेंद्र की एक ऐसी मूवी है, जो लगातार 5 सालों तक एक थिएटर में चलती रही थी। उस फिल्म ने कामयाबी का एक नया इतिहास भी लिखा था। यही कारण है कि रिलीज के 51 साल बाद भी वह कल्ट क्लासिक फिल्म के तौर पर याद की जाती है। आइए जानते हैं कि यहां कौन सी मूवी के बारे में जिक्र किया जा रहा है। बतौर अभिनेता धर्मेंद्र ने हिंदी सिनेमा में काफी लंबी पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने हिंदी सहित अन्य भाषाओं की मूवीज को मिलाकर 300 से अधिक फिल्मों में काम किया था। इनमें से एक फिल्म ऐसी भी थी, जिसने बतौर सुपरस्टार धर्मेंद्र को इंडस्ट्री में स्थापित कर दिया था। उनकी वह फिल्म साल 1975 में सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी, शुरुआती हफ्तों में इस फिल्म को अधिक सफलता नहीं मिली, लेकिन कुछ दिन बीतने बाद मूवी ने धमाल मचाना शुरू कर दिया था। यहां बात धर्मेंद्र की कल्ट मूवी शोले की जा रही है। फिल्म शोले बतौर अभिनेता धर्मेंद्र के एक्टिंग करियर की सबसे सक्सेसफुल मूवी में से एक मानी जाती है। 51 साल बाद भी सिनेमा जगत में निर्देशक रमेश सिप्पी की शोले की सफलता की बात की जाती है। आईएमडीबी की रिपोर्ट की मानें तो धर्मेंद्र की शोले मुंबई के मशहूर मुंबई के मिनर्वा थिएटर में पांच सालों तक लगातार चली थी।



# भगवान शिव के रोल में दिखेंगे रणवीर सिंह

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर के एक और बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...'उन्होंने अपने प्रोडक्शन बैनर 'मां कसम फिल्म' के तहत अमिश त्रिपाठी की लोकप्रिय किताब 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के फिल्मी राइट्स हासिल कर लिए हैं। इस कहानी को एक भव्य ट्रिलॉजी के रूप में बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए रणवीर ने बिड़ला स्टूडियोज के साथ साझेदारी भी की है। फिलहाल फिल्म का लेखन कार्य शुरुआती चरण में है और स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। मेकर्स पहले कहानी और विजन को पूरी तरह तैयार करने के बाद डायरेक्टर और बाकी टीम को फाइनल करेंगे।' सबसे खास बात यह है कि खबरों के अनुसार 'रणवीर इस ट्रिलॉजी में भगवान शिव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हालांकि बाकी प्रमुख किरदारों के लिए कास्टिंग अभी तय नहीं हुई है। इस प्रोजेक्ट के राइट्स हासिल करने के लिए रणवीर ने बड़ी रकम खर्च की है, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं की गई है।' 'धुरंधर' की सफलता के बाद यह प्रोजेक्ट रणवीर के करियर का सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके अलावा रणवीर सिंह के पास और भी फिल्में हैं।



# सारा के करियर को लगी बुरी नजर

स्टारकिड्स के दौर में आज कई स्टार्स हैं जो सिनेमा को आगे बढ़ा रहे हैं, इन्हीं में से एक नाम आता है सारा अली खान का। वही सारा जिनका ताल्लुक फिल्मी परिवार से है, लेकिन पिछले कुछ वक्त में सारा थोड़ी अलग-थलग सी दिखाई पड़ी हैं, सारा अली खान का करियर आज उस मोड़ पर खड़ा है जहां टैलेंट और विरासत तो भरपूर है, लेकिन 'नंबर 1' की कुर्सी दूर होती जा रही है। एक शानदार फिल्मी खानदान सारा के पास है, लेकिन बावजूद इसका सारा का पिछड़ना बॉलीवुड के बदलते समीकरणों की ओर इशारा करता है। सारा अली खान का करियर ग्राफ किसी रोलर कोस्टर सवारी से कम नहीं रहा है। 2018 में केदारनाथ से जब उन्होंने डेब्यू किया, तो लगा कि बॉलीवुड को अगली बड़ी हीरोइन मिल गई है। स्टारकिड्स के दौर में सारा की एंट्री तब हुई जब नेपोटिज्म जैसा मुद्दा चरम पर था। हालांकि सारा ने खुद ने अपने अलग अंदाज, हाजिरजवाबी और सादगी ने दर्शकों का चहेता बनाया, लेकिन आज, 2026 में परिदृश्य अलग है। सारा के फिल्मी करियर पर अगर नजर डालेंगे तो आप ये देख पाएंगे कि सारा ने कई फिल्में ऐसी कीं, जो कमाल की तो रहीं, लेकिन शायद सारा की प्लेसमेंट उन फिल्मों में सही नहीं बैठी। सारा ने शुरुआत बहुत मजबूत की थी, लेकिन केदारनाथ और सिम्बा के बाद उनकी फिल्म चॉइस ने फैंस को निराश किया। इन फिल्मों के बाद सारा रीमेक का जाल में उलझ गईं। कुली नंबर 1 और लव आज कल 2 जैसी फिल्मों में सारा के अभिनय की काफी आलोचना हुई।



# जब माधुरी दीक्षित की फिल्म देखने से पति ने कर दिया था इनकार

**एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने शादी के बाद बॉलीवुड से दूरी बना ली थी। अब उन्होंने अपने पति श्रीराम नेने से जुड़ी दिलचस्प बातें शेयर की है।**

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने अपने करियर के सबसे सुनहरे दौर में फिल्मों से दूरी बनाकर अमेरिका में एक नॉर्मल और शांत जिंदगी चुन ली थी। उन्होंने डॉक्टर श्रीराम नेने से शादी की, जो उस समय माधुरी की सुपरस्टार इमेज से पूरी तरह अनजान थे। एक पुराने इंटरव्यू में माधुरी ने बताया था कि शादी के समय डॉ. नेने को सिर्फ इतना पता था कि वह भारत में एक स्टार हैं, लेकिन उनकी असली पॉपुलैरिटी का अंदाजा उन्हें शादी के रिसेप्शन में जाकर हुआ। माधुरी ने हंसते हुए कहा, 'रिसेप्शन में इतनी भीड़ देखकर वो हैरान रह गए थे। मैंने उनसे कहा कि लोगों की लाइन यहां खत्म नहीं होती, बहुत दूर तक जाती है।' माधुरी ने बताया कि डॉ. नेने का जन्म लंदन में हुआ था और उनकी परवरिश अमेरिका में हुई, इसलिए वह हिंदी फिल्मों से ज्यादा जुड़े नहीं थे। यही वजह थी कि शादी में आए बड़े-बड़े सितारों को भी वह पहचान नहीं पाए। हालांकि, उन्होंने सिर्फ अमिताभ बच्चन को पहचाना, क्योंकि बचपन में उन्होंने उनकी फिल्म अमर अकबर एंथनी देखी थी। सबसे दिलचस्प बात यह रही कि शादी के बाद भी डॉ. नेने को माधुरी की फिल्में देखने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं थी। माधुरी ने बताया, 'मैं और उनकी मां उन्हें मेरी फिल्म और गाने दिखाने की कोशिश करते थे, लेकिन वो कहते थे- चलो बाहर चलते हैं, कुछ और करते हैं।' हालांकि, बॉलीवुड फिल्मों में उनकी ज्यादा रुचि नहीं थी, लेकिन देवदास उन्हें काफी पसंद आई थी।



# टी20 विश्व कप से पहले महाकाल की शरण में पहुंची भारतीय महिला टीम

- कप्तान हरमनप्रीत कौर समेत खिलाड़ियों ने की पूजा-अर्चना
- भस्म आरती में शामिल होकर विश्व कप में सफलता की कामना की

उज्जैन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी टी20 विश्व कप 2026 से पहले भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने उज्जैन पहुंचीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में टीम ने महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की और भस्म आरती में शामिल होकर शानदार प्रदर्शन की कामना की। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में कई खिलाड़ी अपने परिवार के साथ पहुंचीं। सभी खिलाड़ियों ने बाबा महाकाल के दर्शन कर विश्व कप में टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में खिलाड़ियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ भी उमड़ पड़ी। टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने कहा कि महाकाल के दरबार में आकर उन्हें काफी शांति मिलती है। उन्होंने



बताया कि वह पिछले महीने भी यहां आई थीं और भस्म आरती में शामिल होकर उन्हें विशेष सुकून का अनुभव हुआ था। यास्तिका ने कहा कि विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ी बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेना चाहती थीं। महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत 12 जून से होगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का सामना नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम वनडे विश्व कप का खिताब जीतने के बाद अब टी20 प्रारूप में भी दमदार प्रदर्शन करने के इरादे से उतर रही है। पिछले कुछ समय में टीम ने टी20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसी वर्ष ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में टी20 श्रृंखला में हराकर आत्मविश्वास भी बढ़ाया है।

# लखनऊ ने चेन्नई को सात विकेट से हराया

## मार्श और इंग्लिस के बीच शतकीय साझेदारी



**लखनऊ।** लखनऊ ने चेन्नई को सात विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने 187 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की शतकीय साझेदारी के दम पर 188 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आकाश सिंह की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की शतकीय साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को सात विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 20 गेंदों के शेष रहते तीन विकेट पर 188 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 17वें ओवर की चार गेंदों पर पूरन ने लगातार चार छक्के ठोककर लखनऊ को जीत दिलाई।

## मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या के समर्थन में उतरे अश्विन

# सिर्फ उन पर आरोप लगाना सही नहीं

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचने का सपना टूट चुका है। हालांकि, भारत के पूर्व गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि एमआई के खराब प्रदर्शन के लिए सिर्फ कप्तान हार्दिक पांड्या को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। एमआई ने इस सीजन अब तक कुल 12 मुकाबलों में खेले हैं, जिसमें से टीम को महज चार मुकाबलों में जीत नसीब हुई है। अश्विन ने कहा, मैं इस साल उनकी कप्तानी का बिल्कुल भी रिव्यू नहीं करूंगा। सच कहूं तो, जब आपका सीजन ऐसा जाता है, तो कप्तान पर आरोप लगाना काफी गलत है। कोई नहीं आगे आया। टीम खेलने में नाकाम रही और हार्दिक खुद पर आरोप ले लें, आप उनसे कुछ ज्यादा ही करने के लिए कह रहे हैं। वह गुजरात टाइटंस में थे। दो शानदार सीजन खेले (एक में खिताब जीता और एक में उपविजेता)। साफ है कि एक लीडर के तौर पर उन्होंने वहां कुछ सही किया। इसके बाद जब वह मुंबई इंडियंस में लौटे, तो उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा। रोहित शर्मा जैसे मौजूदा कप्तान की जगह लेना आसान नहीं था। आईपीएल में



पांच खिताब। रोहित ने एक टी20 विश्व कप जीता है और हार्दिक आकर उनकी जगह ले लेते हैं। देश में आपके बहुत सारे फैंस हैं। आजकल सोशल मीडिया पर टिके रहने के लिए आपको मोटी चमड़ी रखनी पड़ती है।

अश्विन ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम की नाकामियों के लिए सिर्फ कप्तानी ही जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा, मैं उनकी कप्तानी को ज्यादा जज नहीं करूंगा क्योंकि गेंदबाजी ने भी हर तरफ रन लुटाए हैं। हर बार जब कोई ओवर छह या सात रन के लिए फेंका जाता है, तो 15 रन का ओवर आता है। एक कप्तान के तौर पर आप क्या करते हैं? हां, उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जिन पर बहस हो सकती है। कप्तानी इस बात का नतीजा है कि आपकी टीम आपको कैसा दिखाती है।

इसी वजह से मेरा मानना है कि जब आपका सीजन अच्छा हो, तो कप्तान को ज्यादा श्रेय न दें। जब आपका सीजन खराब हो, तो उसका ठीकरा कप्तान पर न फोड़ें। कोच के साथ भी ऐसा ही है। कोच खिलाड़ियों को बाहर भेजता है। इसी कारण आप उन्हें ज्यादा दोष नहीं दे सकते।

# शनिवार, 16 मई राशिफल

मेष राशिः जल्दबाजी में निवेश से बचेंः आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और नई योजनाओं पर तेजी से काम करेंगे। करियर में लीडरशिप दिखाने का मौका मिलेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लें और उधार देने से बचें। रिश्तों में पुरानी गलतफहमियां दूर हो सकती हैं।

वृषभ राशिः आत्मविश्वास बढ़ेगाः आज चंद्रमा के प्रभाव से आपका व्यक्तित्व आकर्षक रहेगा। बातचीत से लोग प्रभावित होंगे और अटके काम पूरे हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में लाभ के योग बनेंगे। रिश्तों में जिद से बचें, वरना तनाव हो सकता है। शाम तक मानसिक शांति महसूस होगी।

मिथुन राशिः रिश्तों में भावनात्मक गहराई बढ़ेगीः आज दोस्तों और संपर्कों से फायदा मिलेगा। करियर में पर्दे के पीछे की गई मेहनत सफल होगी। पार्टनर के साथ गंभीर बातचीत रिश्तों को मजबूत करेगी। मानसिक थकान महसूस हो सकती है, इसलिए आराम जरूरी है।

कर्क राशिः प्रभावशाली लोगों से सहयोग मिलेगा : करियर और प्रतिष्ठा के लिए दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं लेकिन मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक मामलों में पुराने प्रयासों का लाभ मिलेगा। लव लाइफ में पार्टनर को समय देना जरूरी होगा।

सिंह राशिः पहचान और सराहना मिलेगी:भाग्य का साथ मिलेगा और करियर में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। अधिकारियों से प्रशंसा मिलने के योग हैं। बिजनेस डील फाइनल करने के लिए समय अनुकूल रहेगा। रिश्तों में भविष्य को लेकर चर्चा हो सकती है।

कन्या राशि : नया अवसर मिल सकता है : आज भाग्य का साथ मिलेगा और लंबी दूरी की योजनाएं सफल हो सकती हैं। करियर में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में विदेश या बड़े संपर्कों से लाभ मिल सकता है। रिश्तों में धैर्य बनाए रखें।

तुला राशिः टीमवर्क से सफलता मिलेगीः आज साझेदारी और रिश्तों पर ध्यान रहेगा। आर्थिक मामलों में टैक्स, इंश्योरेंस या निवेश से जुड़े फैसले लाभ देंगे। ऑफिस में आपकी डिप्लोमेसी काम आएगी। पार्टनर के साथ भविष्य की प्लानिंग हो सकती है। जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देने से बचें।

वृश्चिक राशिः फंसा पैसा वापस मिल सकता हैः आज पेंडिंग काम पूरे करने का अच्छा समय है। करियर में मेहनत और टीमवर्क से सफलता मिलेगी। आर्थिक रूप से राहत मिल सकती है और रुका धन वापस आ सकता है। रिश्तों में जिद छोड़कर समझदारी से काम लें।

धनु राशिः जोखिम वाले निवेश से बचें:रचनात्मकता और उत्साह बढ़ा रहेगा। करियर में मेहनत का फल मिलेगा और नई जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में फिजूलखर्ची से बचें। दिनचर्या और खानपान में अनुशासन बनाए रखें।

मकर राशिः प्रतिभा को पहचान मिलेगीः आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और मन हल्का महसूस करेगा। करियर में नए आइडिया लाभ देंगे। प्रेम संबंधों में रोमांस बढ़ेगा। घर-परिवार में छोटी बातों पर बहस से बचें। भविष्य के लिए निवेश की योजना बन सकती है।

कुंभ राशिः सुख-सुविधाओं पर खर्च बढ़ेगा:घर-परिवार और निजी जीवन पर ध्यान रहेगा। प्रॉपर्टी या वाहन से जुड़े मामलों में लाभ मिल सकता है। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी लेकिन वाणी पर नियंत्रण जरूरी है। करियर में घर से काम करने वालों को फायदा होगा।

मीन राशिः पराक्रम में वृद्धि होगी:आज आत्मविश्वास और कम्युनिकेशन मजबूत रहेगा। करियर में टीम को लीड करने का मौका मिलेगा। नेटवर्किंग से आर्थिक लाभ हो सकता है। रिश्तों में पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# राष्ट्र प्रथम अभियान चलाएंगे सांसद नवीन जैन, जनजागरण के लिए छह चरणों में होंगे कार्यक्रम

## वैश्विक परिस्थितियों के बीच प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की पहल

- जनसंपर्क, संकल्प यात्रा और सांकेतिक उपवास जैसे कार्यक्रम होंगे आयोजित

एनएनआई



**आगरा।** नवीन जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रहित संबंधी संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्र प्रथम अभियान चलाने की घोषणा की है। गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद नवीन जैन ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसे राष्ट्रहित से जुड़ा जनजागरण अभियान बताया। सांसद नवीन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में खाड़ी देशों में चल रहे तनाव और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। वैश्विक अस्थिरता के कारण आर्थिक, व्यापारिक और सामाजिक स्तर पर नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से राष्ट्रहित में सतर्क और जागरूक रहने का आान किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, सोने की खरीद सीमित करने, पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने जैसे संदेश दिए गए हैं। सांसद ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाएंगे। सांसद नवीन जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था और वाहन काफिले में कमी किए जाने के निर्णय पर उन्होंने पत्र लिखकर सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ववत रखने का आग्रह भी किया है। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र प्रथम अभियान प्रधानमंत्री के राष्ट्रहित के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा। सांसद नवीन जैन ने नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं से अभियान से जुड़कर राष्ट्रहित के इस जनजागरण अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर वैभव जैन, नितेश शिवहरे, हेमंत भोजवानी, महेश शर्मा, राहुल जैन, पार्षद नीतीश भारद्वाज, हिमांशु मिश्रा और कौशल वशिष्ठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### छह चरणों में चलेगा अभियान

अभियान के प्रथम चरण में 19 मई को शाम 4:30 बजे भगवान टॉकीज से संजय पैलेस स्थित शहीद स्मारक तक जन संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे चरण में 21 मई को शहर के प्रमुख चौराहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। तीसरे चरण में 22 मई को बैंकों और सरकारी कार्यालयों में संपर्क अभियान आयोजित होगा। चौथे चरण में 24 मई को रेलवे स्टेशन पर जनसंपर्क कार्यक्रम किया जाएगा। पांचवें चरण में 25 मई को कॉलेजों में युवाओं और विद्यार्थियों से संपर्क किया जाएगा। अंतिम चरण में 27 मई को स्पीड कलर लैब के पास सांकेतिक उपवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अवधपुरी जिनालय में श्रद्धाभाव से मनाया गया भगवान शांतिनाथ का मोक्ष कल्याणक महापर्व

- विशेष निर्वाण लड्डू चढ़ाकर भक्तों ने की आराधना
- मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से गुंजायमान रहा मंदिर परिसर

एनएनआई



**आगरा।** ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी पर अवधपुरी स्थित श्री पदमप्रभु जिनालय में भगवान भगवान शांतिनाथ का जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक महापर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा मंदिर परिसर जयकारों, मंत्रोच्चार तथा भक्ति संगीत से भक्तिमय हो उठा। भगवान शांतिनाथ के कल्याणक महापर्व पर विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। इसके बाद मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में भक्तों ने श्रद्धा और आस्था के साथ विशेष निर्वाण लड्डू अर्पित किया। यह आयोजन पदमप्रभु महिला मंडल अवधपुरी की ओर से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम विवेक जैन शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित हुआ। उन्होंने प्रवचन में भगवान शांतिनाथ के त्याग, तपस्या और मोक्ष मार्ग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धर्म आराधना के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में इंद्र प्रकाश जैन, रवि जैन, नरेंद्र जैन, मनीष जैन, अमित जैन, शुभम जैन, करुणा जैन, अध्यक्षा कविता जैन, मंत्री हेमलता जैन, पुष्पा जैन, सुनीता जैन, सीमा जैन, अंजू जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में सभी भक्तों ने सामूहिक मंत्र जाप कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। पूरा वातावरण श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया।

# तीन बार यातायात नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस होंगे निरस्त

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश
- ब्लैक स्पॉट और सड़क दुर्घटनाओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के आदेश

एनएनआई



**आगरा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और दुर्घटनाओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आईटीएमएस सिस्टम के डाटा का विश्लेषण कर एक जनवरी 2025 से अब तक तीन या उससे अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने और चालान राशि जमा न करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जाएं। बैठक में बताया गया कि अप्रैल 2026 में परिवहन विभाग ने बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन प्रयोग, गलत दिशा में वाहन चलाने, नशे में वाहन चलाने और ओवरस्पीडिंग जैसे मामलों में कार्रवाई की। वहीं पुलिस विभाग ने भी बड़ी संख्या में चालान किए। जिलाधिकारी ने पिछले वर्ष की तुलना में कम प्रवर्तन कार्रवाई और चालान वसूली कम होने पर परिवहन एवं पुलिस विभाग से जवाब तलब किया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत लाइसेंस निलंबन की समीक्षा में सामने आया कि परिवहन विभाग ने विभिन्न मामलों में 70 लाइसेंस निलंबित किए हैं, जबकि पुलिस विभाग ने हजारों चालान के बावजूद निलंबन के लिए कोई मामला अग्रसारित नहीं किया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। बैठक में ब्लैक स्पॉट की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जनपद में 44 ब्लैक स्पॉट चिह्नित हैं, जिनमें से 41 पर रोड सेफ्टी ऑडिट पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को सुधार कार्यों की सत्यापन रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2025 की तुलना में अप्रैल 2026 में दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या में कमी आई है। इसके बावजूद जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर दुर्घटना की पूरी रिपोर्ट तैयार की जाए, जिसमें घटना स्थल की तस्वीर, एफआईआर विवरण, संबंधित थानाध्यक्ष और वाहन चालक की जानकारी शामिल हो। बैठक में एंबुलेंस रिस्पॉन्स टाइम सुधारने, ट्रॉमा सेंटर चिह्नित करने और स्कूल-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा क्लब गठित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और सड़क सुरक्षा मित्र बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, आरएम रोडवेज बीपी अग्रवाल, एआरटीओ प्रवर्तन आलोक अग्रवाल, एआरटीओ प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर नगरायुक्त शिशिर कुमार, डीआईओएस चंद्रशेखर, बीएसए जितेंद्र कुमार गोंड सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# युवाओं को भटकाव से बचाने के लिए चला जागरूकता अभियान



**आगरा (एनएनआई)।** वरदान वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित जागरूकता अभियान समाज के भटकते युवा, उनके सामाजिक संबंध व उनमें समन्वय के तहत शुक्रवार को वीके अग्रवाल इंटर कॉलेज, विद्यानगर नागलपदी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को भटकाव से बचाने और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और काउंसलर के रूप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला क्रीड़ा सचिव माध्यमिक विद्यालय रिनेश मित्तल तथा न्यू आगरा थाने की सब इंस्पेक्टर रेशमा मलिक मौजूद रहीं। रिनेश मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य और समय प्रबंधन दोनों जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि यदि पढ़ाई में मन नहीं लगता तो युवाओं को गलत रास्तों पर भटकने के बजाय खेलों की ओर रुझान बढ़ाना चाहिए। खेल न केवल अनुशासन सिखाते हैं, बल्कि मानसिक भटकाव को भी कम करते हैं। सब इंस्पेक्टर रेशमा मलिक ने कहा कि आज युवाओं में भटकाव का सबसे बड़ा कारण सोशल मीडिया बनता जा रहा है। इसकी वजह से साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और कई युवा अनजाने में इसका शिकार हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में दोनों काउंसलरों ने विद्यार्थियों के सवालों को धैर्यपूर्वक सुना और उनके समाधान बताए। संस्था की अध्यक्षा शीतल अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। विद्यालय प्रबंधक वीके अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पुष्कर कुमार, रवि शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनगणना में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें : जिलाधिकारी



**आगरा (एनएनआई)।** जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मनीष बंसल ने जनपदवासियों से जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रही स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वार्ता में उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का कार्य 21 मई 2026 तक चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा, चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक स्वेच्छा एवं जिम्मेदारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से अपनी सही एवं पूर्ण जानकारी निर्धारित पोर्टल पर दर्ज करे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सही आंकड़ों का संकलन आवश्यक है। इसलिए नागरिक समयबद्ध एवं सत्य जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने युवाओं, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया से भी अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना के लिए जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया की भावना के अनुरूप यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक है, जिससे लोग घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

# सांसारिक भोग नहीं, कृष्णभक्ति में लगाएं जीवन : आचार्य रामकृष्ण शास्त्री

**आगरा (एनएनआई)।** दयाल नगर नगलापदी, दयालबाग में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य रामकृष्ण शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को कृष्णभक्ति का महत्व बताते हुए मानव जीवन का उद्देश्य बताया। आचार्य रामकृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है, तभी आप श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें गोविंद जितना प्रदान करते हैं, व्यक्ति को उतना ही प्राप्त होता है। यदि कोई कथा सुनकर कुछ सीखने और पाने की भावना से आता है तो भागवत कथा उसे बहुत कुछ प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन विषय-वस्तु के भोग के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति छोड़कर सांसारिक सुखों में लगा हुआ है। मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति है। यदि मनुष्य दृढ़ निश्चय कर ले कि उसे जीवन में कृष्ण को पाना है, तो उसके लिए प्रभु से बढ़कर कोई सुख, संपत्ति या वैभव नहीं रह जाता। आचार्य ने कहा कि भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण करती है। कथा के समय स्वयं भगवान श्रीकृष्ण भक्तों के बीच उपस्थित रहते हैं। जो श्रद्धालु भागवत कथा के तट पर आकर बैठता है, कथा उसका कल्याण करती है और यदि वह कुछ न भी मांगे तो उसे मोक्ष तक की यात्रा करा देती है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजनकर्ता श्री नत्थीलाल मालोनिया एवं धर्मपत्नी स्व. श्रीमती प्रेमवती देवी की स्मृति में आयोजित कथा में परीक्षित अजय कान्त मालोनिया एवं पत्नी श्रीमती लता कान्त, यज्ञपति सतीश चन्द्र एवं पत्नी श्रीमती अनुराधा सहित दयालबाग क्षेत्र के अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।